हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जनवरी 2024

11 वंचित व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ ...



12 जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम



## खबर संक्षेप

### बच्चे से मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शहर के मोहल्ला लोकनायक में एक युवक से मोबाइल छीनने के मामले में कार्यवाही करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक नाबालिग पर कार्यवाही कर उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल को बरामद कर लिया है। पुलिस ने 17 दिसम्बर को मोहल्ला लोकनायक गली गुलाब एमसी वाली फतेहाबाद के एक व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### भट्टूकलां में गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना भट्टूकलां पुलिस की टीम एएसआई पुरूषोतम के नेतृत्व में गश्त के दौरान चौपटा रोड पर रेलवे पुल के पास एक युवक को शक के आधार पर काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम बिन्टू निवासी गुज्जर मोहल्ला भट्टू बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से उसके पास से 310 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### बैंक के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** पुलिस को दी शिकायत में गांव मंगालिया निवासी संदीप ने बताया कि दोपहर वह केनरा बैंक में आया था। बैंक के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह काम से चला गया। कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एसएस जैन सभा का उद्घाटन आज

**फतेहाबाद।** श्याम नगर स्थित एसएस जैन सभा का उद्घाटन 15 जनवरी सोमवार को प्रातः 10 बजे होगा। तपवारिधि विद्या भिलाषनी श्री निधिका जी महाराण, ठाणे-3 के पावन सानिध्य में रतिया चुंगी, श्याम नगर स्थित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष नेहा मित्तल एसएस जैन सभा का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर सांसद सुनीता दुग्गल, विधायक दुड़ाराम व प्रमुख समाजसेवी देवीदयाल तायल भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रोहा विकास ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल करेंगे।

### नप ने चलाया स्वच्छ तीर्थ अभियान

**रतिया।** नप ने रविवार को स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत पुराना बाजार में श्री मनोकामना दुर्गा मंदिर के आस-पास सफाई अभियान चलाया। मंदिर के आसपास आधा दर्जन सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई। नगर पालिका सचिव पंकज जून ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देश पर 14 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा।

### चोरी का आरोपी काबू, दो स्टार्टर बरामद

**फतेहाबाद।** थाना जाखल पुलिस ने ट्यूबवेल के स्टार्टर चोरी मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में एक नाबालिग पर भी कार्रवाई की है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से ट्यूबवेल के चुराए गए दो स्टार्टर बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी गुरप्यार सिंह को आज कोर्ट मे पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत मे हिसार भेजा गया।

### जाखल रेलवे लाइन पुल के नीचे मिला शव

**जाखल।** जाखल रेलवे स्टेशन के समीप रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव जाखल से जमालपुर रेलवे स्टेशन के बीच रेल लाइन के घग्गर पुल के नीचे बरामद हुआ है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि मृत व्यक्ति ने ट्रैक सूट पहना है, जिसके नीचे सफेद रंग की बनियान है व गर्म पजामी डाली हुई है। उसकी पहचान के लिए क्षेत्रों में सूचना दी गई है। शव को टोहाना के नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है।

### धुंध और धूप में चल रहा आंख-मिचौली का खेल, विजिबिलिटी रही 15 मीटर

# गहरी धुंध व ठंड के चलते दर्जनभर ट्रेनें लेट तो आधा दर्जन रद, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद/जाखल



**जाखल।** ट्रेनें न आने के कारण सुनसान पड़ा रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

मकर संक्रांति के मौके पर धुंध और धूप के बीच आंख-मिचौली का खेल चल रहा है। सुबह से दोपहर 12 बजे तक गहरी धुंध और उसके बाद शाम 4 बजे तक तेज धूप ने लोगों को हैरत में डाल रखा है। हालांकि धुंध के बाद धूप का फसलों के लिए फायदा बताया गया है वहीं आम जनमानस के लिए ऐसा मौसम खतरे से खाली नहीं। इसका मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना बताया जा रहा है। रविवार सुबह उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं चलने से हलके बादल छाये रहे। सुबह यहां की विजिबिलिटी 15 मीटर के आसपास ही थी, जिस कारण आज गाड़ियों के साथ-साथ ट्रेनों के पहिये भी थम दिए। इस कारण जहां दर्जनों ट्रेनें लेट आई तो अनेक ट्रेनें रद्द हो गई। भीषण ठंड में यात्रियों के लिए ट्रेनों का रद्द होना असहनीय हो गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सोमवार को भी यहां हल्की बादलवाही रहेगी तथा सुबह के समय धुंध छाई रहेगी। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 13 डिग्री व न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री दर्ज किया गया।

धुंध के चलते जाखल से विभिन्न गंतव्यों की ओर जाने वाली दर्जनभर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से कई घंटों की देरी से चल रही है। यहीं नहीं, आधा दर्जन ट्रेनों को रद्द भी किया गया है। सर्दियों के मौसम में घने कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी हो गई है वहीं परिचालन कठिनाइयों को देखते हुए रेलवे द्वारा कई गाड़ियों का निरस्तीकरण किया गया है। इससे अपने गंतव्य तक पहुंचने में यात्रियों की उलझनें बढ़ गई है। ऐसे में रेलवे की ओर से यात्रियों को सलाह दी गई है कि वह रेलवे की वेबसाइट पर रद्द ट्रेनों और उसका पहुंचने का समय चेक कर ही अपनी आगे की यात्रा की योजना बनाएं। इससे आलम यह है कि यात्रा कर रहे लोग असमंजस की स्थिति में हैं कि वो अब अपने गंतव्य तक सही समय पर पहुंच पाएंगे या नहीं। पोष का महीना बीतने के बाद भी सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है। कड़ाके की सर्दी ने यहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है वहीं कोहरे का अधिक प्रभाव रेल यातायात पर पड़ा हैं। इसके चलते इंटरसिटी जैसी कई सुपरफास्ट ट्रेनें काफी देरी से चल रही है।

#### पैसेंजर ट्रेन भी देरी से चल रही

सर्दी, कोहरे के कोहराम के चलते उत्तर भारत के महत्वपूर्ण जाखल जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का काफी देरी से पहुंचना यात्रियों के लिए खासी परेशानी का कारण बना हुआ है। जाखल स्टेशन से होकर चलने वाली ट्रेन संख्या 12137 पंजाब मेल एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 12 घंटे देरी से चल रही है। इसके साथ ही गाड़ी नंबर 15909 गुवाहाटी एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से चल रही है। 12481 इंटरसिटी ट्रेन 2 घंटे लेट व जाखल से होकर लुधियाना से चुरू जाने वाली पैसेंजर ट्रेन भी 2 घंटे की देरी से चल रही है। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी मुताबिक करीब दर्जनभर ट्रेनें है, जो अपने निर्धारित समय से लेट चल रही है। इसके अलावा ट्रेन संख्या 19614 अमृतसर अजमेर एक्सप्रेस, 14623-14624 छिंदवाड़ा एक्सप्रेस, कटरा जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेनों को रेलवे प्रशासन की तरफ से रद कर दिया गया है।

#### गेहूं के लिए वरदान

गेहूं के बारे में कहा जाता है कि जिस प्रकार हम सभी वातावरण में परिवर्तन महसूस करते हैं वैसे ही पौधे भी परिवर्तन महसूस करते है। पौधे अपने आपको उसी के अनुरूप ढाल लेते हैं। गेहूं के साथ भी कुछ ऐसी ही बात है।

हालांकि इसमें एक बात का ध्यान रखना होगा कि अधिक ठंड न इंसानों के लिए सही है और न ही फसलों के लिए। अभी जितनी ठंड है, उससे गेहूं को फायदा है। अगर ऐसे ही ठंड का प्रकोप बना रहा तो आने वाले दिनों में किसानों की फसल भी अधिक पैदावार होंगी।

## रतिया के गोशालाओं को सरकार ने जारी की चारा अनुदान राशि



**रतिया।** गोशाला प्रबंधकों को चारा अनुदान राशि का चेक देते विधायक लक्ष्मण नापा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया

हरियाणा गोसेवा आयोग व पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान से मकर संक्रांति के पर्व पर रतिया विधानसभा क्षेत्र की सभी पंजीकृत गोशालाओं को हरियाणा सरकार द्वारा चारा अनुदान राशि का वितरण किया गया। श्री गुरुनानक गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण नापा की अध्यक्षता में पंजीकृत गोशालाओं को चैक वितरित किए गए। विधायक ने श्री गुरुनानक गोशाला के प्रधान हरप्रीत सिंह को 4 लाख 89 हजार, गौसंवर्धन एवं कृषि विकास समिति रतिया के प्रधान श्यामलाल को 1 लाख 56 हजार, श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला नागपुर के प्रधान हंसराज को 3 लाख 66 हजार 7 सौ रुपये, श्री निराला बाबा गोशाला बबनपुर के प्रधान सुखजीवन सिंह को 2 लाख 7 हजार तथा श्री कृष्ण गोशाला रतिया के प्रधान कृष्ण जिदंल को 15 लाख 65 हजार 2 सौ रुपये की धनराशि के चैक वितरित किए गए। विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गोशालाओं के बजट में बढ़ोतरी की गई है ताकि गोशालाओं में चारे का संकट न हो। उन्होंने कहा कि सरकार व आयोग बेसहारा गोवंश के लिए बेहतरीन योजना बना रही है, जिसके लागू होने से सड़कों पर कोई भी बेसहारा गोवंश नहीं दिखेगा। मौके पर नपा चेयरमैन प्रतिनिधि कालू खन्ना, वाइस चेयरमैन जोगिंद्र नंदा, अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बंसल, कार्यकारिणी सदस्य रमेश मेहता, विज्ञान सागर बाघला, विद्या सागर बाघला आदि मौजूद रहे।

## जननायक जाट छात्रावास में लाइब्रेरी की नींव रखी

- जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्था के संरक्षक डॉ. अजय सिंह चौटाला ने भूमि पूजन में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



**सिरसा।** अजय चौटाला जननायक जाट छात्रावास में लाइब्रेरी की नींव रखते। फोटो : हरिभूमि

बेगू रोड स्थित लोहिया बस्ती में जननायक जाट छात्रावास में रविवार को लाइब्रेरी की नींव रखी गई। जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्था के संरक्षक डॉ. अजय सिंह चौटाला ने बतौर मुख्यातिथि भूमि पूजन में भाग लिया और लाइब्रेरी निर्माण की ईंट लगाई। इससे पूर्व सरसाईनाथ मंदिर के गद्दीनशीन संत बाबा सुंदराईनाथ द्वारा ईंट को हाथ लगाकर लाईब्रेरी निर्माण के लिए आशीर्वाद दिया। अजय चौटाला ने कहा कि इस लाइब्रेरी में जरूरतमंद परिवारों के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए कंपीटिशन की तैयारी करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो परिवार अपने बच्चों को तैयारी के लिए कोटा या दिल्ली नहीं भेज सकते, उनके लिए यह संस्था कारगर साबित होगी। संस्था के प्रधान मोहनलाल झोरड़ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि जननायक छात्रावास में आगे बढ़ने वाले जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को तैयारी करने के लिए बेहतर मंच प्रदान किया जाएगा। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य अजब सिंह गिल्लांखेड़ा, विजय सिंह खोड, हरी सिंह चाहर, अजय सिंह झोरड़, मनफूल सिहाग, शीशपाल झोरड, जयवीर बैनीवाल, सुरेंद्र नुईयां, मदन कसवां, महेंद्र कूकणा, महेंद्र घणघस आदि मौजूद रहे।

## बिजली कर्मचारी 19 को करेंगे प्रदर्शन

- एक्सईएन के साथ बातचीत में काफी मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन अबतक हल नहीं हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



**सिरसा।** बिजली कर्मचारी नेता निगम अधिकारी को चेतावनी नोटिस सौंपते हुए।

बिजली निगम कर्मचारियों ने रविवार को निगम अधिकारियों को अपनी मांगों को लेकर चेतावनी दी और उन्हें पूरा करने के लिए 18 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया। कर्मचारी नेता बाबूलाल व लखबीर सिंह ने बताया कि उनकी यूनियन ने सिटी डिविजन एक्सईएन को अपनी मांगों को लेकर बीती 7 जुलाई 2023 को एजेंडा दिया था। 28 अगस्त 2023 को एक्सईएन के साथ यूनियन के पदाधिकारियों की मीटिंग हुई थी जिसमें काफी मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन मानी हुई मांगों का अभी तक कोई हल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि एक्सईएन कर्मचारियों की मांगों को लेकर जरा भी गंभीर नहीं हैं जिस कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने चेताया कि यदि आगामी 18 जनवरी तक समस्याओं का हल नहीं किया गया तो 19 जनवरी को सिटी एक्सईएन सिरसा के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इस मौके पर सुरजीत सिंह बेदी, मीत चंद, बाबूलाल, लखबीर सिंह सहित भी मौजूद रहे।

## पड़ाव की तैयारियों को लेकर बैठक

- फैमिली आईडी निर्माण मजदूरों के गले की फांस बनी : राजेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन की बैठक में भाग लेते सदस्य।

मकर संक्रांति को भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा, यूनिट चौबारा की मीटिंग यूनिट प्रधान रमेश जांगड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन सुभाष सहारण ने किया। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए राज्य महासचिव राजेश चौबारा ने कहा कि संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 18 से 20 जनवरी को हिसार डीसी कार्यालय सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ डाले जाने वाले पड़ाव में फतेहाबाद से सैकड़ों निर्माण मजदूर शामिल होंगे। चौबारा ने कहा कि फैमिली आईडी निर्माण मजदूरों के गले की फांस बनी हुई है। 90 दिन की कार्य पर्ची व बेमानी शर्तें लगाकर रद किए लाभ फामारे् को बहाल करवाने तथा मजदूर सुविधा केंद्र हर जिला में पूर्ण रूप चालू करवाने तथा मजदूर पंजीकरण सरल तरीके से करवाने के लिए यह पड़ाव डाला जा रहा है। चौबारा ने बताया कि यूनियन पड़ाव की तैयारी में गांव-गांव में जाकर कामगारों को पड़ाव में शामिल होने का आह्वान कर रही है।

## रतिया में 20 जनवरी को निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया



**रतिया।** मीटिंग में मौजूद विभिन्न संस्थाओं के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम को लेकर 20 जनवरी को रतिया में जहां भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी व कारसेवक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर शहर की विभिन्न धार्मिक संगठनों की बैठक श्रीकृष्ण गौशाला में हुई। बैठक में सभी धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर 20 जनवरी को पूरे रतिया शहर में भव्य शोभा यात्रा में शामिल होने की बात कही। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान कमेटी के प्रवक्ता ने बताया कि 20 जनवरी को रतिया के इतिहास में सबसे बड़ी शोभायात्रा राम भक्तों के द्वारा निकाली जाएगी, जिसमें प्रभु श्री राम के चरित्र की झांकियां भी दिखाई जाएगी। इसमें शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों का पूरा सहयोग रहेगा और पूरे शहर से बच्चा-बच्चा इस भव्य शोभायात्रा में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि आज की मीटिंग रखने का महत्व यह है कि 20 जनवरी को पूरा नगर राम मय हो जाए। रतिया नगर के सभी सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने एकजुट होकर कहा कि इस भव्य कार्यक्रम में वह अपने तन-मन और धन से सहयोग देंगे। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को सुबह 11 बजे श्री कृष्ण गौशाला से चलकर यह भव्य शोभा यात्रा फतेहाबाद रोड, मोदी पंप से संजय गांधी चौक, नया बस स्टैंड, अग्रवाल धर्मशाला वाली गली से मेन बाजार होते हुए भगत सिंह चौक पहुंचेगी। यहां से शोभा यात्रा टोहाना रोड होते हुए टिब्बा कॉलोनी, महाराजा अग्रसेन चौक और मॉडल टाउन होते हुए वापस श्री कृष्ण गौशाला में प्रस्थान करेगी। इस भव्य शोभा यात्रा के दौरान शहर को सुंदर-सुंदर लड़ियों से सजाया जाएगा और जगह-जगह तोरण द्वारों से फूल व इत्र वर्षा करके इस भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 को सभी धार्मिक स्थलों पर प्राण प्रतिष्ठा का प्रोग्राम लाइव दिखाया जाएगा।

**आह्वान** मंदिरों की स्वच्छता हेतु प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाया सफाई अभियान

*बराला ने पैतृक गांव में की सफाई*

# दीपावली की तरह ही मनाएं 22 जनवरी को ऐतिहासिक प्राणप्रतिष्ठा दिवस : बराला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव डांगरा के धार्मिक स्थलों से सफाई अभियान की शुरूआत करते चेयरमैन सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तीर्थ स्थलों के प्रांगण में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने अपने पैतृक गांव डांगरा में बाबा फुलगिरी जी महाराज के डेरे, हनुमान मंदिर, खेड़ा और माता रानी सहित सभी धार्मिक स्थलों पर सफाई की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर लोगों को इस स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ के भाग लेंने के लिए जागरूक भी किया। चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि रामलला के आगमन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी तक देश के सभी तीर्थ स्थलों में स्वच्छता रखने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया गया हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि जिस तरह हम दीपावली के अवसर पर साफ-सफाई करते है उसी तरह 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा दिन को ऐतिहासिक बनाते हुए अपने आसपास के मंदिर, मठ सहित अभी धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाएं। सभी क्षेत्र और हरियाणा वासी इसका हिस्सा बने और सफाई अभियान में भाग लें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से सिद्धि एवं मिशन स्वच्छता के उपलक्ष्य में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक पूरे सप्ताह स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया जाएगा। सुभाष बराला ने कहा कि श्री अयोध्या धाम में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को राम मन्दिर के गर्भगृह में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह हम देशवासियों के लिए बड़े गर्व और ख़ुशी के क्षण है। यह दिन देश के लिए ऐतिहासिक होगा। इस मौके पूर्व चेयरमैन सुरजीत सिंह, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप मुंड, नम्बरदार बलराज, कुलवंत जांगडा, फौजी सुरेंद्र बुरड़क, सूरजभान धतरवाल, नम्बरदार मिठू, बलबीर जांगडा, जिलेसिंह बराला, बलराज सेलवाल, मेम्बर सूरत सिंह, राज, कृष्ण, रामफल, चंद्रभान, रिसाल सिंह, सुरेश भड़िया, मुकेश मुंड आदि मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर लंगर लगाकर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जाखल



रविवार को क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। दिनभर लोगों ने दान-पुण्य किया व लंगर आयोजन, गोवंश को हराचारा, गुड़ व दलिया खिलाया गया। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में कुलां चौक के आसपास के दुकानदारों द्वारा मिलकर टोहाना मार्ग पर बस स्टैंड के पास चाय व ब्रेड पकौड़ो का लंगर आयोजन किया गया। जिसमें स?क पर आने जाने वाले राहगीरों ने लंगर ग्रहण किया। लंगर आयोजक नरेश सिंगल और अजय सिंगला ने सभी को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते कहा कि ये त्योहार प्रमुख पर्व है। इस अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा व दान पुण्य करने का अलग ही महत्व है। उन्होंने बताया कि कुलां चौक के दुकानदारों द्वारा मिलकर प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर लंगर आयोजन किया जाता है। सुबह से लेकर दोपहर तक चले चाय, पकौड़े के लंगर आयोजन में नरेश सिंगला, अजय सिंगला, सोनू सिंगला, बिल्ला प्रधान, सेमी, चरणजीत सिंह, गोगी, गोपी आदि ने विशेष सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व प्रधानमंत्री नंदा का श्रद्धांजंलि समारोह आज

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि 15 जनवरी 2024 को सदाचार स्थल पर सुबह 10 बजे एक श्रद्घाजंलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने दी है।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला, मौत

**पानीपत**। पानीपत में विवाहिता 23 वर्षीय फौजिया पत्नी महताब अंसारी मूल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी शिव नगर में घर की करीब तीस फुट उंची तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। इस हादसे में फौजिया की मौत हो गई। पति महताब ने बताया कि फौजिया गली में खेल रहे बच्चे को आवाज लगाने के लिए बालकनी से झुकी, इस दौरान उसके पैर का संतुलन बिगड़ गया और नीचे गिर गई।

### हादसे में घायल वकील की मौत

**पानीपत**। पानीपत बार एसोसिएशन के सीनियर वकील 50 वर्षीय राजेश कुमार निवासी गांव अलुपुर जिला पानीपत की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजेश दो जनवरी को बाइक पर सवार होकर जा रहा था, गांव भंडारी के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी थी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने राजेश को उपचार के लिए दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने राजेश की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की जान गई

**इसराना**। पानीपत के गांव मांडी के पास कार ने संजय कुमार निवासी गांव मांडी जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में संजय की मौत हो गई। थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव उसके परिजनों को सौंप दिया ।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

पानीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मतलौडा में एनएसएस के शिविर के तीसरे दिन मतलौडा पुलिस थाने से ट्रैफिक प्रभारी सतबीर सिंह, हवलदार अनिल कुमार कांस्टेबल, प्रवीण व मनोज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को यातायात नियम की पालन करने तथा साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया।

# कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा-खेलों में प्रदेश व देश का करें नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जल्द ही इसका लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हॉकी खिलाडिय़ों को नए स्टेडियम के बनने की शुभकामनाएं एवं बधाई और कहा कि इस स्टेडियम में बेहतरीन तरीके से अभ्यास करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि खिलाड़ी अपने गांव में ही बेहतर अभ्यास कर सकें।

- **हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही, अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही : मनोहर लाल**

इस मौके पर उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाड़ियों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा।





**करनाल**। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए व हॉकी खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि यह हॉकी स्टेडियम इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ हॉकी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है और यह स्टेडियम साढ़े 6 एकड़ भूमि में बनकर तैयार हुआ है।

खास बात यह है कि एस्ट्रो टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित है। मेन ग्राउंड में 6 स्प्रिंकल लगाए गए हैं। इसके अलावा मैदान में रोशनी के लिए 34 मीटर उंचाई के 4 पोल पर एक-एक हजार वॉट की 72 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। स्कोर बोर्ड के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्टेडियम में अलग से 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा 160 केवी के जनरेटर का भी प्रबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम में दिन-रात किसी भी अवधि में मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम में 600 दर्शकों के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें तीन गैलरी बनाई गई हैं। इसमें एक गैलरी वीआईपी जिसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

इसके साथ ही दो अन्य गैलरी सामान्य दर्शकों के लिए बनाई गई है जिसमें प्रत्येक में 250 दर्शक बैठ सकते हैं। प्रत्येक गैलरी के बेस में तीन-तीन कमरे, बाथरूम व शौचालय, महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। इन तीन कमरों में से एक कमरा मेडिकल स्टाफ के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा एक कॉमन लॉबी भी बनाई गई है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, भाजपा नेता सतीश पोसवाल, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा, केएससीएल के जीएम रामफल तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सुल्तानपुर चौक पर सीएम ने लगाई ब्रेक, दुकान पर चाय पी, राहगीरों से खुलकर बात की

अंबाला। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के काफिले ने रविवार को अचानक करनाल से चंडीगढ़ जाते हुए अंबाला-चंडीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौक पर ब्रेक लगा दी। मुख्यमंत्री यहां अचानक से एक चाय की दुकान पर रूके। यहां खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। अचानक से अपने बीच सीएम की मौजूदगी से लोग बेहद खुश हुए। यहां मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां लेते हुए उनसे उनकी समस्याएं जानी बल्कि उन्हें मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं भी दी। लोगों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि इस रोड़ पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां खड़े युवाओं ने लोगों के बीच बिना किसी सुरक्षा घेरे के सीएम को देखकर उनकी फोटो भी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद की। युवाओं का कहना था कि सुरक्षा की दृष्टिगत सीएम का सुरक्षा घेरा काफी मजबूत होता है। वहां तक बिना स्वीकृति के नहीं पहुंच जा सकता है। मगर सीएम मनोहर लाल आम लोगों की तरह लोगों से मिलते रहे। चाय विक्रेता दुकानदार ने कहा कि यह उनके लिए ऐसे क्षण थे जिसे वे जीवन में कभी भूला नहीं पाएंगे।

- **चौक पर हादसे रोकने के लिए लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी, जल्द समस्या के समाधान का मिला आश्वासन**



मुख्यमंत्री मनोहर लाल रेलवे स्टेशन के बाहर बेसहारा लोगों का जायजा लेते हुए।

### सीएम की दरियादिली: जरुरतमंदों को सिक्योरिटी की गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार रात्रि अचानक से करनाल रेलवे स्टेशन के बाहर का दौरा किया। यहां ठंड में बैठे बेसहारा लोगों को देख उन्होंने तत्काल इन्हें रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया और इसके लिए अपनी खुद की सिक्योरिटी में लगी गाड़ी के माध्यम से रैन बसेरा तक पहुंचाया।

- **रेलवे स्टेशन के बाहर पहुंचे थे मुख्यमंत्री, रैन बसेरा में शिफ्ट किए गए लोगों के खाने के लिए अपने कोष से दिए ढाई लाख रुपये**

इस दौरान मुख्यमंत्री वहीं मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कड़ाके की ठंड में रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ लोग खुले में रात बिताते हैं। ऐसे में मैंने स्वयं यहां आकर इसका जायजा लिया। यहां काफी संख्या में लोग बाहर बैठे थे। ऐसे में इन्हें तत्काल रैन बसेरा पहुंचाया गया। वहीं जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि इन लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था रैन बसेरा में की जाए। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी का त्योहार है ऐसे में इन्हें मूंगफली व अन्य खाद्य सामग्री देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन



लोगों की खाने की व्यवस्था करने के लिए ढाई लाख रुपये देने की भी घोषणा की है। दिन में ये लोग अपने-अपने काम पर जाएंगे और रात्रि के समय रैन बसेरा में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता के नाते जरुरतमंद लोगों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है, इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आना चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इन लोगों को राम नगर के रैन बसेरा में शफ्टि किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री सिक्योरिटी की गाड़ी लगी रही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, निगम कमश्निर अभिषेक मीणा, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धर्मनगरी से अयोध्या की ओर संतों का कूच आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संतों का अयोध्या जी में जाने का कूच आज धर्मनगरी से आरंभ हो गया। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से आज गुरु ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी मैत्रीनन्द ने अयोध्या जी की ओर प्रस्थान किया। ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर से आज उन्होंने अपनी यात्रा अपने आश्रम के भक्तों व अनुयायियों के सहयोग से सनातन धर्म मंदिर न्यू कॉलोनी में पहुंचकर वहां भगवान श्री राम के दरबार में भगवान श्रीराम को नतमस्तक होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर अयोध्या की और कूच किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि साध्वी मैत्रीनन्द ने अपनी यात्रा आज से आरंभ कर दी है। 21 जनवरी तक वह अयोध्या पहुंच जाएंगी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सुरेश जोशी, राकेश मेहता के इलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सनातन धर्म मंदिर के कई सदस्य व गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर के कई भक्तजन उपस्थित थे।



अयोध्या की ओर कूच करते श्रद्धालु।

### बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी

**यमुनानगर**। जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स में 25 सौ रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 जनवरी को यमुनानगर किसी काम से आया था। दोपहर साढ़े 12 बजे वह जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ने लगा। इस दौरान उसकी जेब से अज्ञात व्यक्ति ने पर्स चोरी कर लिया।

पर्स में ढाई हजार रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। उसने पर्स चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पानीपत सिविल अस्पताल में बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

## सीसीबी की 50 बेड की होगी क्षमता, 20 करोड़ की लागत आएगी, लैब भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला सिविल अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत तकरीबन 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) बनाया जाएगा, साथ ही अस्पताल में जिला इंटीग्रेटिडिड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी भी बनाई जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की ओर से भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। क्रिटिकल केयर ब्लाक रनिंग में आने से ट्रामा सेंटर का अभाव नहीं रहेगा, इसके बनने से गंभीर रूप से घायल लोगों व गंभीर रोगों से पीडित रोगियों का उपचार सीसीबी में ही हो सकेगा और ऐसे रोगियों व घायलों को पीजीआई खानपुर या फिर रोहतक रेफर करने के केसों में कमी आएगी। स्मरणीय है कि स्वास्थ्य विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जिला नागरिक अस्पताल और फील्ड में बढ़ने वाली सुविधाओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। लंबित प्रस्तावों के रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। जर्जर इमारतों की कंडम रिपोर्ट तैयार कराकर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी), लेबोरेट्री, वैक्सीन स्टोर, चिकित्सकों के आवास पर पूरी तरह से फोकस कर रखा है।

### लैब में हो सकेंगे 50 प्रकार के टेस्ट

सिविल सर्जन डा. जयंत आहूजा ने बताया कि नागरिक अस्पताल परिसर में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनना है। इसके लिए करीब 3500 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। इसमें कोरोना पाजिटिव, हार्ट-ब्रेन अटैक, फेफड़ों संबंधी रोगी, आग व करंट से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। इसके साथ डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी तैयार होगी। लेबोरेटरी में 50 प्रकार के टेस्ट हो सकेंगे। लैब मेडिकल कालेज की तर्ज पर बनेगी।

### जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा

एमएस डॉ आहहूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कार्यालय वाली बिल्डिंग को भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कंडम घोषित कराया जाएगा। मलबे की नीलामी प्रक्रिया पूरी कराएंगे। यहां जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा। अभी तक सिविल अस्पताल में वैक्सीन स्टोर है लेकिन ड्राइंग में वह रसोई का स्थान है।

### अस्पताल में बनेंगे 55 आवास

एमएस डॉ आहूजा ने बताया कि स्टाफ क्वाटर्स जर्जर अवस्था में हैं। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए फ्लैटनुमा 55 आवास बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। रिमाइंडर भी भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद आवासों के लिए जगह चिन्हित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत का दायरा आगामी वर्षों में बहुत विस्तृत होना है। उसी के हिसाब से सरकार को फैसिलिटी भी बढ़ानी होंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला के सभी पांच ब्लाक में भी क्रिटिकल केयर ब्लाक (सीसीबी) बनेंगे। सीधा अर्थ, चिकित्सा-व्यवस्था की दशा बहुत सुधरने वाली है।

### राम मंदिर पास के नाम पर हो रही ठगी

**अंबाला**। साइबर अपराधी ठगी को अंजाम देने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। ऐसे में साइबर अपराधी साइबर ठगी का अंजाम देने के लिए राम मंदिर का उद्घाटन का नाम लेकर साइबर ठगी को अंजाम देने की ताक में है। पुलिस द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें उन्होंने लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। साइबर अपराधियों द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन के पास के नाम पर एक एप्लीकेशन व्हाट्सएप ग्रुपों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है जो एक तरह का वायरस है।

### मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है, पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए, समर्पित: निर्मल सिंह

**अंबाला**। कड़ाके की सर्दी के बावजूद रविवार को अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जैन व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल की अध्यक्षता में निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा का कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ के उत्साह और जोश को देखकर गदगद निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं व नेताओ का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है। मेरा पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित है। हमारे सभी साथी उल्टी हवाओं के खिलाफ चले, कष्ट भी सहे लेकिन कभी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा की आज प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया गया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आएगा।

### ऑनलाइन लिंक से मिले शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति

**बराड़ा**। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से प्राध्यापकों के लिए पूर्व में घोषणा किए और जारी किए पत्र के अनुसार इस लिंक को चालू करने उच्चतर शिक्षा विभाग की तरह विभिन्न तरह की सेवाओं जैसे विदेश जाने की अनुमति उच्च शिक्षा के लिए ली जाने वाली अनुमति को भी ऑनलाइन लिंक के द्वारा ही शुरू करने की मांग की है। इसी तरह सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ शिक्षक वर्ग के सभी साथियों को चिकित्सा अवकाश देने की मांग की है।

**दिन में मिली राहत**

**बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं ने घरों से बाहर निकल कर लिया धूप का आनंद**

# घने कोहरे ने दोपहर तक छुटाई कंपकंपी, दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन होने से लोग हुए खुश

शहर के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से रविवार को लोगों को कुछ राहत मिली है। रविवार को रात भर से लेकर दोपहर तक जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और धुंध के बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर डेढ़ बजे के करीब जिले में सूर्यदेव के दर्शन हुए और धूप निकली। जिसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली रहने से ट्विन सिटी के पार्कों में पहुंचकर बच्चों ने धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लूत्फ उठाया। लेकिन कुछ घंटे धूप खिलने के बाद भी तापमान में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई।





यमुनानगर में सुबह के वक्त छाया हुए घने कोहरे में गुजरते हुए वाहन व धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे।

रविवार सुबह पिछले एक पखवाड़े की तरह जिले में घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम थी। लोग लाइटें जगाकर वाहनों को धीमी गति से लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचने को मजबूर थे। मगर सुबह 10 बजे के करीब घना कोहरा तो छंट गया। मगर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी रही।

रविवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सूर्य देव के दर्शन हुई और धुंध के बादल छंट गए। इसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। इस दौरान बच्चे पार्कों में लगे झूलों पर झूले और कई बच्चों ने अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। वहीं बच्चों की माताओं ने इस दौरान पार्क में बैठकर धूप के आनंद के साथ खूब गपशप की। सिटी सेंटर क्षेत्र निवासी रोशनी, मनीषा, कमला व रोजी आदि ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से दिन भर धुंध के बादल छाए रहने व सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से मौसम में काफी ठंडक बढ़ गई थी। जिसकी वजह से बच्चे, बुर्जुग, महिलाएं घरों में कैद होकर रह गए थे। वहीं मॉडल टाउन निवासी रविश ने बताया कि धूप निकलने के बाद वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पार्क में पहुंचे हैं। उनका कहना था कि पार्क में धूप का आनंद लेने पहुंचे लोगों की भीड़ से उन्हें पार्क में घूमना काफी अच्छा लगा है।

### तापमान में नहीं हुई खास बढ़ोतरी

जिले में रविवार को अधिकतम तापमान में दो सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी हुई। जिसकी वजह से जिले का तापमान अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन देने की कड़ी में नायब सिंह सैनी सांसद कुरुक्षेत्र के नाम ज्ञापन सांसद की गैरमौजूदगी में सांसद महोदय के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुभाष गुस्सर जिला प्रधान ने किया व संचालन जय प्रकाश राज्य कमेटी मेंबर ने किया। सुभाष गुस्सर ने बताया कि। 15 जनवरी से नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ईकाई की तरफ से नगर पालिका कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों के बकाया एरियर व एलटीसी को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और एरियर व एलटीसी के भुगतान होने तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में मनजीत भुल्लर ब्लाक प्रधान लाडवा, ललीत कुमार, विक्रम सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार, जोनी, राज कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

- **मांगों को लेकर 15 जनवरी से हड़ताल शुरू की जाएगी**



**कुरुक्षेत्र**। ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये है कर्मचारियों की मांगें

मांगें राम तिगरा राज्य महासचिव नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरूग्राम के 3480 कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को पालिका रोल पर लेने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, सस्पेंशन,ट्रमिनेशन, चार्ज शीट, ज्ञापन पत्र, हड़ताल अवधि का वेतन देने तथा झूठे मुकदमों व अन्य उत्पीड़न की कार्यवाही को रद्द करने,फायर के 1327 व 212 फायरमैनों व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने तथा 2063 फायर आपरेटर की भर्ती को रद्द करने, 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने,फायर कर्मचारियों के वर्दी भत्ते में किये गए भेदभाव को समाप्त कर पुलिस विभाग की तर्ज पर वर्दी भत्ता देने, दैनिक वेतन भोगी,पार्ट -2,पार्ट टाइम, डीसी रेट पर लगे सभी सफाई, सीवर कर्मियों, ग्रुप सी व डी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समझौते को लागू करने,सीवर सेफ्टी टैंकों में हो रही मौतों पर रोक लगाने व मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा व पक्की नौकरी देने, पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस जनसंदेश यात्रा के प्रति जनता में उत्साह

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता मुकेश सैनी ने कहा है कि कांग्रेस जनसंदेश यात्रा के प्रति जनता में उत्साह है। मुकेश सैनी ने बताया कि 17 जनवरी से हिसार विधानसभा क्षेत्र की नई सब्जी मंडी से कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव उत्तराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला और पूर्व कैबिनेट मंत्री किरण चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस जनसंदेश यात्रा शुरू हो रही है।

### हिसार पुलिस ने चलाया सर्च अभियान, 27 पकड़े

**हिसार।** जिला पुलिस ने रविवार को पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए ऑपरेशन आक्रमण के तहत एक सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस की 49 टीमों का गठन किया गया। इनमें सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, निरीक्षक सहित कुल 231 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

### लोहड़ी है खुशियों का त्योहार : सुरुचि असीजा

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ महिला शाखा की ओर से लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। सेक्टर 16-17 स्थित जानवी खुंगर के स्टाइल एंड ब्यूटी स्टूडियो में आयोजित कार्यक्रम में अनेक महिलाओं ने हिस्सा लिया। संघ की महिला शाखा अध्यक्ष सुरुचि असीजा ने बताया कि लोहड़ी पर्व सभी के लिए खुशियां व नई उमंग लेकर आता है। सभी को यह त्यौहार मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की सभी को बधाई दी।

इस अवसर पर जानवी खुंगर ने कुछ मेकअप टिप्स भी दिए और विभिन्न प्रकार के गेम्स का आयोजन भी किया गया। शाखा अध्यक्ष सुरुचि असीजा ने सभी को लोहड़ी पर्व की बधाई दी।

### अप्रेंटिसशिप के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**हिसार।** शिक्षु अधिनियम-1961 के तहत हरियाणा राज्य परिवहन के हिसार कार्यालय में औद्योगिक शिक्षुओं का एक वर्ष के लिए चयन किया जाना है। चयनित शिक्षुओं को प्रशिक्षण एवं भत्ता शिक्षु अधिनियम-1961 के अंतर्गत देय होगा। इच्छुक उम्मीदवार अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन पोर्टल पर 16 से 22 जनवरी तक कर सकते हैं। हिसार कार्यालय में मैकेनिक डीजल के लिए 30, वेल्डर के लिए 9, इलेक्ट्रीशियन के लिए 12, मोटर मैकेनिक के लिए 24, कारपेंटर के लिए 9 का चयन किया जाएगा।

### हर व्यक्ति के विकास पर ध्यान दे रही सरकार

**हिसार।** माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर मालवाल ने कहा है कि सरकार का मुख्य उद्देश्य आमजन का आर्थिक उत्थान करना है। इस संवाद के माध्यम से लोगों को घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। चेयरमैन ईश्वर मालवाल गांव बाड़ोपट्टी में आयोजित जन संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर मिल रहा है।

## सरकार लोगों की समस्याओं का हल करने के लिए तत्पर

# वंचित व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : गणेशीलाल

**जीआरजी स्कूल में आयोजित पार्षद सुमन बामणिया व सिविल अस्पताल में पूर्व राज्यपाल गणेशीलाल ने शिरकत की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को जीआरजी स्कूल व सिविल अस्पताल में जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जीआरजी स्कूल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पार्षद सुमन बामणिया व सिविल अस्पताल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल गणेशीलाल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमन चोपड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश मेहता, सुनील बामणिया, ललित छिंपा, मनीष सिंगला, साबरमल, विजय धिंगतानियां, अंबर मेहता मौजूद रहे।

पूर्व राज्यपाल गणेशी लाल ने कहा कि देश में पहली बार ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जिसके माध्यम से अंतिम व वंचित व्यक्ति के द्वार तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। अंतिम व वंचित हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ लाभावित किया जा रहा है।

केंद्र सरकार लोगों की समस्याओं का हल करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए 'आत्मनिर्भर और विकसित' भारत का निर्माण करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी हरियाणा एक हरियाणवी एक व अंत्योदय उत्थान की सोच के साथ कार्य करते हुए गरीब वर्ग का विकास कर रहे हैं।



सिरसा। जिला नागरिक अस्पताल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मौदूज पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल।

### आयुष्मान भारत से लोगों को मिल रहा लाभ

जिला महामंत्री अमन चोपड़ा ने कहा कि आज गरीबों को केन्द्र सरकार द्वारा मुफ्त में अनाज मुहैया करवाया जा रहा है ताकि देश का कोई नागरिक भूखा न सोए। गरीबों के ईलाज के लिए आयुष्मान भारत व चिरायु योजना शुरू की गई है, जिसके तहत गरीब व्यक्ति 5 लाख रूपये तक का ईलाज फ्री में करवा सकता है। केंद्र व हरियाणा सरकार का वादा है अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का फायदा पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से भारत 'आत्मनिर्भर और विकसित' बनने की ओर अग्रसर है।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। चरखी दादरी में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि का बड़ी माला पहनाकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 29वें स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह का आयोजन रविवार को मकर संक्रांति के पार्वन पर्व पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में बडे ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार व गौरव अग्रवाल ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वति के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की परंपरानुसार सभी आगंतुकों का टोपी पहनाकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को गति प्रदान कर स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हरियाणवीं नृत्य ने हरियाणी संस्कृति की याद दिलाई। हरियाणवी समूह नृत्य में छात्राएं ने अपनी-अपनी अनेक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा हरियाणवीं ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटौरी। भक्त संगीत में शिव तांडव, मेरे घर राम आए तथा श्रीराम अयोध्या ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। इसके अतिरिक्त रंगीलो म्हारो डोलना, मैं फिल्म चंद्रावल देखूंगी, आरंभ है प्रचंड है तथा रुण झूण समारोह में आकर्षण का केंद्र रहा। पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

# बिजली चोरी करने वालों पर कसा जा रहा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के थाना प्रबंधक दीपक सिंगला के नेतृत्व में स्पेशल बिजली चोरी के संबंध में चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें जिला में बिजली निगम की टीम को साथ लेकर अलग-अलग 40 जगहों पर छापेमारी की गई, जिसमें सात चोरियां एनडीएस कनेक्शन के तहत जिसमें कुल 19.5 किलोवाट लोड, एक एपी कनेक्शन के तहत 1.5 किलोवाट लोड व 29 डीएस कनेक्शन के तहत 49.5 किलोवाट लोड की चोरियां पकड़ी। ब्यूरो की टीम द्वारा कुल 37 बिजली चोरियां पकड़ी गई। 71.25 किलोवाट लोड की चोरियां पकड़ी गई। मौके पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो 22 जिलों में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डा. एएस चावला व पुलिस अधीक्षक करण गोयल के नेतृत्व में सक्रिय काम कर रहा है। डीएसपी नरेश अहलावत ने बताया की अवैध खनन, अवैध शराब, अवैध निर्माण, बिजली व पानी चोरी मामले में अंकुश लगाया जा रहा है।



थाना प्रबंधक दीपक सिंगला।

### कांग्रेस सदैव सनातन विरोधी रही : ढालिया

**हांसी।** हांसी भाजपा हांसी मंडल अध्यक्ष व पूर्व पार्षद अशोक ढालिया ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास सदैव सनातन विरोधी एवं हिन्दुत्व विरोधी रहा है। उन्होंने कहा कि जब देश के तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल सरकारी खर्च पर सोमनाथ के मन्दिर का जीर्णोद्धार करवा सकते है तो भारत वर्ष के ऋषि मुनियों, साधु-संतों, धमार्नुरागियों एवं योगी समाज द्वारा निर्मित अयोध्या में भव्य राम मन्दिर बनाया जाना सभी भारतवासियों के लिए गर्व और आस्था की बात है।

- कांग्रेस पार्टी का इतिहास सदैव हिन्दुत्व विरोधी रहा

# गायों के लिए 1 लाख 51 हजार का गुड़ दान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

शहर की श्री कृष्ण गोशाला में आज एक समारोह के दौरान मंडी के व्यापारी राकेश कुमार ने गोशाला में गायों के लिए 1 लाख 51 हजार का गुड़ दान किया । इस अवसर पर श्री कृष्ण गोशाला कमेटी के प्रधान श्री कृष्ण जिंदल, एसएस जैन सभा के प्रधान संजू जैन व कमेटी के सदस्य भी मौजूद थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधान श्री कृष्ण गोशाला कमेटी के प्रधान श्री कृष्ण जिंदल, जैन सभा के प्रधान संजू जैन ने कहा कि दान करना एक महान कार्य है और जो व्यक्ति अपने जीवन में दान एवं पुण्य करता है वह महान होता है और उसे उसके द्वारा किए गए दान एवं पुण्य का फल भी मिलता है। उन्होंने गोशाला कमेटी को दिए गए दान के लिए व्यापारी राकेश कुमार का आभार भी प्रकट किया।



रतिया। श्री कृष्ण गोशाला कमेटी को गुड़ दान करते हुए व्यापारी राकेश कुमार।

# ग्रेवाल बस्ती वासी पेयजल व सीवरेज ओवरफ्लो से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हर के वार्ड 14 स्थित ग्रेवाल बस्ती के निवासियों ने रविवार को पेयजल व सीवरेज समस्या को लेकर अपना रोष जाहिर किया। गलीवासियों ने बताया कि पब्लिक हेल्थ अधिकारी उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे। क्षेत्र में पिछले करीब एक महीने से पीने के पानी की घोर किल्लत बनी हुई है। पानी न होने के कारण सारे जरूरी काम अटक गए हैं। लोगों ने कहा कि पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को समस्या के बारे में कई बार बता चुके हैं, लेकिन कोई अधिकारी मौके का मुआयना करने नहीं आया है। न ही समस्या के समाधान के लिए कोई कदम उठाया गया है। बस्ती के लोगों ने यह भी बताया कि यहां की सीवरेज व्यवस्था भी हाशिए पर है। रह रहकर यहां के सीवर उफान मारने लगते हैं। दूषित पानी वार्ड की गलियों में भर जाता है। दुर्गंध भरे वातावरण में रहकर लोग बीमार पड़ते हैं। लोगों ने कहा कि दिन में घंटों मोटर चलाने के बाद जो थोड़ा पानी आता है, वह भी इस्तेमाल के योग्य नहीं। इसे पीना तो दूर, अन्य दूसरे घरेलू काम में भी प्रयोग नहीं किया जा सकता क्योंकि पानी दूषित होता है।

रोष जता रहे गलीवासियों के बीच युवा कांग्रेस नेता मोहित शर्मा भी पहुंचे और कहा कि सरकार ने पानी के बिल तो दस गुणा बढ़ा दिए हैं, लेकिन लोगों को पीने का पानी मयस्सर नहीं।इससे पता चलता है कि सरकार व प्रशासन को जनमानस की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं।



फोटो :14सिरसा07 : ग्रेवाल बस्ती के लोग मोहित शर्मा को अपनी समस्या बताते हुए।

### समस्या समाधान की मांग की

क्षेत्रवासियों की व्यथा सुन मोहित शर्मा ने मौके पर पब्लिक हेल्थ अधिकारियों से बात की और समस्या का यथाशीघ्र समाधान करने को कहा। युवा कांग्रेस नेता ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि ग्रेवाल बस्ती में पेयजल व सीवरेज व्यवस्था जल्द दुरूस्त न की गई तो वे गली के लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ धरना-प्रदर्शन तथा शासन-प्रशासन का पुतला फूंकने पर मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर सूरत सिंह यादव, जगदीश काठपाल, महावीर चौहान, ओमप्रकाश सोलंकी, अमन जैन, प्रवीण महिपाल, अमित खट्टर, दीपक अग्रवाल, अभिमन्यु, तरूण चौहान, मनोहरलाल जैन, सुशील सर्राफ, लालचंद गुंबर, पप्पु यादव, हर्ष जैन, रिशभ गर्ग, विक्की लढा, विनय गर्ग, अमन ग्रोवर आदि क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# पानी निकासी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

- नाथूसरी चौपटा की समस्याओं का हल नहीं होने से लोगों में आक्रोश

नाथूसरी चौपटा में पानी निकासी की मांग को लेकर चौपटा के निवासियों ने अनिश्चितकालीन कालीन धरना पांचवें दिन भी जारी रहा है। रविवार को ग्राम पंचायत नाथूसरी कलां की सरपंच रीटा कासनियां के नेतृत्व में महिलाएं भी धरना स्थल पर पहुंची। सरपंच रीटा कासनियां ने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन करने का आह्वान किया । चौपटा के चौधरी देवीलाल चौक पर धरनारत लोगों का कहना है कि चौपटा की मुख्य समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे में पानी निकासी की समस्या को लेकर धरना शुरू किया गया है और जब तक पानी की निकासी की समस्या हल नहीं होगी धरना जारी रहेगा। अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे संत पूर्ण दास महाराज, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सतबीर सहारण, पूर्ण सरपंच रणजीत कासनियाँ, पूर्व ब्लाक समिति चेयरमेन विरेन्द्र सहु, अमर सिंह, जेपी कस्वां, ओम सोनी, आईदान कासनियां, जगदीश बैनीवाल, पंच प्रेम मेहता, वेद शर्मा, मुकेश कुमार, संदीप बैनीवाल, कुलवंत सिंह, भीम सोनी सहित कई लोगों ने बताया कि चौपटा में पानी निकासी की समस्या, शौचालय की समस्या सहित कई समस्याएं वर्षोर् से हल नहीं हो पा रही है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण बारिश के मौसम में तो स्थिति और भी बिगड़ जाती है। कई जगह तो घुटनों तक पानी भर जाता है । गलियों में कीचड़ जमा होने जाने से दिनभर बदबू आती है।

## सर्दी के मौसम में रखें अपना विशेष ख्याल: डॉ. पनिहार

**चोपटा।** कस्बे गांव रामपुरा ढिल्लों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का रविवार को समापन हो गया। अध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि पहले सत्र में डॉ. शेलेंद्र पनिहार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. पनिहार ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए अपना ख्याल रखें। गर्म कपड़े पहनें, घर से निकलते वक्त सिर पर टोपी या गर्म कंबल रखकर निकलें, ताकि ठंड से बचाव किया जा सके। जहां तक हो सके गर्म पानी व गर्म पेय पदाथार्ें का अधिक से अधिक सेवन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को फास्ट फूड से परहेज रखने का आह्वान कर घर की बनी चीजें ही खाने की सलाह दी। दूसरे सत्र में सीआरपीएफ के रिटायर्ड सूबेदार धर्मपाल ने विद्यार्थियों का सरकारी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी किस प्रकार सरकारी सेवाओं में जाकर अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी सेवाओं में जाने के लिए विस्तार से जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन किया। स्कूल प्रिंसिपल ओमप्रकाश ने बताया कि इस प्रकार के शिविर में आने वाले अतिथियों से विद्यार्थियों को बहुत अधिक ज्ञान अर्जित होता है। विद्यार्थी इस प्रकार के महानुभावों की बातों पर अमल कर अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकते हैं।

# मकर संक्रांति की दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल एवं चौधरी सूरजमल एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के अवसर पर चौधरी सूरजमल एनक्लेव के पार्क नंबर 7 में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती राजबाला बहादुरगढ़, आरती जांगड़ा, जसलीन कौर, सोनीपत से चंद्रकुमार गौड़ के सांस्कृतिक दल द्वारा बेहतरीन रागनियों लोकगीतों तथा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में विधायक जोगीराम सिहाग मुख्य अतिथि थे जबकि नरेश नैन विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल के अतिरिक्त निदेशक एवं लोक कलाकार महावीर गुड्डू ने की। इस अवसर पर चौधरी सूरजमल एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक जोगीराम सिहाग एवं अन्य अतिथि।

# धरने की तैयारी को लेकर भारतीय किसान नौजवान यूनियन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भारतीय किसान नौजवान यूनियन ने दिल्ली में 13 फरवरी को प्रस्तावित धरने को लेकर रविवार को सिसाय गांव में अभिमन्यु कोहाड़ की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए अभिमन्यु कोहाड़ कहा केंद्र सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में 13 फरवरी को दिल्ली में धरना दिया जाएगा और इसी धरने को लेकर किसान मजदूर एकता पंचायत के तहत 3 फरवरी को नारनौंद में किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप को विदित है कि देश के विभिन्न किसान संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली में 13 महीने बॉर्डर पर धरना दिया था। और किसानों के धरने से घबराई भारत सरकार ने उस समय किसानों से तीनों कानून वापस लेने और किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदने का वादा किया था लेकिन केंद्र सरकार ने आज तक एमएसपी के नाम पर कोई भी काम नहीं किया है। सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में 13 फरवरी को दिल्ली में धरना दिया जाएगा।

मौके पर भारतीय किसान नौजवान यूनियन हिसार के जिला अध्यक्ष दशरथ मलिक, रामायण टोल प्लाजा प्रधान राजू खरड़, नारनौंद शहरी प्रधान बलवान, सील्लू लोहान, हर्षदीप गिल, कृष्ण देपल व बलवान सिंह आदि सहित कई अन्य मौजूद थे।

## जिला पुलिस की 36 टीमों में विभिन्न जगहों पर चलाया अभियान

# सर्च अभियान : छापेमारी कर 23 लोगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा विभिन्न मामलों में वांछित अपराधियों, उद्घोषित अपराधियों, बेल जम्परों, चोरी, नशा, जुआ सट्टा तथा अपराधिक प्रवृति के लोगों को धरपकड़ को लेकर जिला भर में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार सर्च अभियान के दौरान जिला भर में पुलिस की 36 टीमें बनाई गई, जिसमें सभी डीएसपी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, पीसीआर, राईडर व जिला की सभी सीआईए यूनिटों सहित 300 से अधिक पुलिस कर्मचारियों ने रविवार सुबह विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न अपराधिक 20 मामले दर्ज कर 23 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें 17 मामले आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर 185 बोतल देसी शराब, 55 बोतल नाजायज शराब व नाजायज शराब निकालने में प्रयुक्त 100 लीटर लाहन को भी बरामद किया है। जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2540 रुपए की जुआ राशि बरामद की है। इसी दौरान पुलिस ने चोरी मामलों मे कार्यवाही करते हुए म्योंद खुर्द के खेतों मे लगे टयूब्बैल के दो स्टार्टर को बरामद कर इस मामले मे एक युवक को गिरफ्तार किया जबकि एक नाबालिग पर भी कार्रवाई की है।

पुलिस टीम ने सर्च अभियान के दौरान 1 उद्घोषित अपराधी सहित 2 बेल जपंरों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्यवाही करते हुए लेन ड्राइविंग के तहत 150 से अधिक चालान किए है। उसी दौरान कागजात अधूरे पाए जाने पर 38 वाहनों के चालान के साथ एक वाहन को कब्जा पुलिस मे भी लिया गया है।



फतेहाबाद। अपराधियों की धरपकड़ को लेकर सर्च अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृतसंकल्पित

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि अपराधिक किस्म के लोगों पर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्हें समय-समय पर चेक किया जा रहा है। सम्पति विरुद्ध मामलों मे भी आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध तरीके से हासिल की संपत्ति को जब्त किया जा रहा है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कृतसंकल्प है। उन्होंने जिला पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने.अपने क्षेत्र में अपराधिक किस्म के लोगों की सूची तैयार करें तथा उनकी गतिविधियों पर नजर रखें। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में कोई भी वांछित आरोपीए उद्घोषित आरोपीए बेल जंपर या अपराधिक प्रवृति के लोग है तो तुरंत उसे गिरफ्तार कर कार्यवाही करें।

## खबर संक्षेप



### सीजेएम ने गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया

**सिरसा।** सिरसा निवासी व सहारनपुर के सीजेएम परविंद्र सिंह सिरसा ने रविवार को लोहड़ी व मकर संक्रांति ऐतिहासिक चोरमार गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक हुए और समूचे विश्व की मंगल कामना की। इस दौरान उन्होंने रागी जत्थों की ओर से प्रस्तुत किए गए गुरुवाणी का भी श्रवण किया।

### जैन साध्वियां पदविहार कर रतिया पहुंची

**रतिया।** जैन साध्वी शिक्षा जी महाराज, सुरेखा जी महाराज, सिद्धश्री जी महाराज व नवदीक्षिता सुविधि जी महाराज ठाणे 4 फतेहाबाद से पद विहार कर नई जैन स्थानक मंडी रोड रतिया में पहुंच गई है। इससे पूर्व फतेहाबाद रोड पर गांव हमजापुर पहुंचने पर रतिया जैन सभा के प्रधान संजू जैन व अन्य श्रद्धालुओं ने जैन साध्वियों का स्वागत किया।

### घर में सेंध लगाकर नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** शहर की बूटा कॉलोनी में चोर एक बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर 10 हजार रुपए की नकदी सहित हजारों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालकिन रेणु ने बताया कि बीती 13 जनवरी को वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गई हुई थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने पीछे से मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

### 6100 रुपए की सट्टाराशि सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव देसूजोधा क्षेत्र से एक व्यक्ति को 6100 रुपए सट्टाराशि सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही रमेश कुमार पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गांव देसूजोधा में मौजूद थे। इस दौरान महत्वपूर्ण सूचना मिली की गांव में एक व्यक्ति सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। उक्त सूचना पाकर गांव पिपली में दबिश दी थी।

## कार्यक्रम में पहुंचे पंचायत मंत्री बोले

# जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम

**कैबिनेट मंत्री ने किया मानव सेवा संगम चैरिटेबल ट्रस्ट के मल्टीपर्पज हॉल का शिलान्यास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मानव सेवा संगम चैरिटेबल ट्रस्ट के मल्टीपर्पज हॉल का शिलान्यास किया व मरीजों को फल वितरित किए। मकर संक्रांति व मानव सेवा संगम चैरिटेबल ट्रस्ट के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।

कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए तिरंगा वऊहरा कर भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने प्रदेश वासियों को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। जिन लोगों को मानव सेवा करने का अवसर मिला है, चाहे वह किसी भी रूप में हो, वो सौभाग्यशाली हैं। हर व्यक्ति को अपने सामर्थ्य अनुसार मानव सेवा के लिए अपना सहयोग देना चाहिए।



**टोहाना।** मानव सेवा संगम चैरिटेबल ट्रस्ट के मल्टीपर्पज हॉल का शिलान्यास करते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली। *फोटो : हरिभूमि*

मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। मानव सेवा संगम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिवर लगाकर सहयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि आपके विश्वास और वोट की ताकत से आज टोहाना प्रगति के पद पर अग्रसर है। टोहाना विधानसभा क्षेत्र में बर्षोर् पुरानी मांगों को पूरा करते हुए करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाये जा रहे है। टोहाना शहर की सबसे बड़ी समस्या जलभराव की समस्या का समाधान किया। टोहाना में बनाए जाने वाले 100 बेड के अस्पताल को आधुनिक तकनीक के आधार पर बनाया जाएगा।

रसूलपुर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्दी शुरू होगी। इस मेडिकल कॉलेज के बनने से टोहाना ही नहीं, जिला व प्रदेश को भी फायदा होगा। टोहाना शहर का बस स्टैंड आधुनिक सुविधाओं से लैस महानगरों की तर्ज पर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टोहाना विधानसभा में चाहे शिक्षा की बात हो, सुरक्षा, सफाई व अन्य मूलभूत सुविधाओं की बात हो, इन सब मुद्दों पर कार्य करने के लिए वे प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार भी अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता टेकचंद मोदी ने की। रजनीश बांसल व सज्जन बांसल वशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्त्रम में पहुंचे। इस मौके पर मानव सेवा संगम प्रधान सतपाल नन्हेड़ी, नगर परिषद अध्यक्ष नरेश बंसल, अग्रवाल सभा प्रधान रमेश गोयल, सचिन भाटिया, डॉ. शिव सचदेवा, भूषण बंसल, सुभाष गोयल, कृष्ण गोयल, अशोक मेहता, बलदेव सैनी, विक्रम गर्ग, प्रवीण गुप्ता, अनीता मेहता, स्वीटी मेहता, राजेंद्र ठकराल, प्रदीप मडिया, विपिन गर्ग, राजेंद्र बाली, पार्षद जोनी मेहता, अमित भाटिया, पार्षद सुरेश शेट्टी, पार्षद अशोक गर्ग, राकेश जैन, रघुवीर मालन, सुनील बांसल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट न्यायाधीश का स्वागत

■ बार एसोसिएशन ने सब डिविजनल जुडिशियल कोर्ट की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

बार एसोसिएशन रानियां के पदाधिकारियों द्वारा प्रधान रिंकल बांगा की अगुवाई में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश विनोद एस. भारद्वाज को रानियां ग्राम न्यायालय को सब डिविजनल जुडिशियल कोर्ट बनाने सहित चैंबर निर्माण तथा रेगुलर सिविल कोर्ट व ग्राम न्यायालय के साथ लगती जमीन को न्यायालय के नाम स्थानांतरण करने को लेकर मांग पत्र सौंपा। स्थानीय तमाम मांगों को शीघ्र पुरा करने के आश्श्वासन के साथ न्यायमूर्ति विनोद एस. भारद्वाज कहा कि सब डिविजन जुडिशियल कोर्ट स्थापित करने का कार्य तभी संभव है जब रानियां में सब डिविजन कार्यालय हो। उन्होंने कहा जब रानियां सब डिविजन बन जायेगा तभी सब डिविजन जुडिशियल कोर्ट बन पायेगी। इससे पूर्व उन्होंने ग्राम न्यायालय का निरीक्षण करने के उपरांत बार एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि किसी न्याय व्यवस्था को सक्षम और सफल बनाने के लिए अधिवक्ताओं का योगदान महत्वपूर्ण है।



**सिरसा।** रानियां ग्रामीण कोर्ट में न्यायाधीशों को सम्मानित करते अधिवक्ता।

## 12 केंद्रों पर 3189 छात्र देंगे जेएनवी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 20 जनवरी को आयोजित होगी। जिसके लिए विद्यालय की ओर से परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र व परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। प्राचार्य ललित कालड़ा ने बताया कि परीक्षा के लिए 3189 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 80 विद्यार्थियों का चयन होना है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिला के 7 ब्लॉकों में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें डबवाली ब्लॉक में राजकीय मॉडल सीनियर सेंकेंडरी स्कूल डबवाली व मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजदीक जैन सभा डबवाली, ओढां ब्लॉक में राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालांवाली, बडागुढ़ा ब्लॉक में गवमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बप्पां, सिरसा ब्लॉक में मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजदीक शिव चौक सिरसा व राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजदीक मेला ग्राउंड बेगू रोड सिरसा, नाथूसरी चौपटा ब्लॉक में गवमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाथूसरी चौपटा व आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाथूसरी चौपटा, रानियां ब्लॉक में सीनियर सेकेंडरी स्कूल रानियां व अन्य केंद्र बनाए गए है।

### पुलिस ने 12 गोवंश को करवाया मुक्त

**कालांवाली।** शहर के वाटर वर्क्स के पीछे से पुलिस ने 12 गौवंश बरामद कर नंद बाबा गौ सेवा संस्थान में छोड़ दिया। साथ में कालांवाली पुलिस ने स्पैशल गऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स सिरसा के सदस्य पंकज कुमार की शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कालांवाली पुलिस को स्पैशल गऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स सिरसा के सदस्य पंकज कुमार से सूचना मिली कि कालांवाली में वाटर वर्क्स के पीछे से राजेश कुमार अपने साथी मंदर सिंह निवासी गांव तारूआना के साथ मिलकर कुछ गौवंश को राजेश के घर के साथ प्लाट में पेड़ों से बांधे हुए है।

# 2023 में 394 आरोपित किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा निर्देशानुसार बीते वर्ष विभिन्न आपराधिक मामलों में फतेहाबाद पुलिस ने उद्घोषित अपराधियों, बेल जंपरों एंव वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए विभिन्न प्रकरणों में 1 इनामी अपराधी, 299 उद्घोषित अपराधियों तथा 95 बेल जंपरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने इनामी आरोपी, अदालत से भगौड़ों व पुलिस पीओ को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा वांछित उद्घोषित अपराधियों एवं बेल जंपरों की धरपकड़ के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाए गए। इस तरह के अभियान इस वर्ष भी जारी रहेंगे। उन्हेंने बताया कि पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा पकड़े गए अनेक आरोपी जघन्य किस्म के अपराधों में वांछित आरोपी थे। पकड़े गए पीओ एवं बेल जपंर भी कई लंबे समय से अदालत से फरार चल रहे थे। उन्होंने जिले मे गठित पीओ स्टाफ की सहराना करते हुए बताया कि पीओ स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक रविश कुमार व अन्य अन्य मौजूद रहे।



एसपी आस्था मोदी

### ऑपरेशन आक्रमण अभियानः 11 मामले दर्ज, 15 गिरफ्तार

**सिरसा।** जिला पुलिस द्वारा शनिवार को गैर कानूनी धंधा करने वालों तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी ढंग सेअंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। पुलिस की 58 टीमों ने मादक पदार्थ तस्करों, अवैध शराब तस्करों, अवैध असला धारकों, जुआ व सट्टा खाईवाली करने वालों तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे लोगों के ठिकानों पर दबिश दी। अभियान के तहत पुलिस ने 11 मामले दर्ज कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से शराब, अवैध हथियार, चूरापोस्त तथा अन्य अवैध सामान भी बरामद किया है।

# पिछड़ों की अनदेखी कर रही सरकार : चौटाला

■ भाजपा, कांग्रेस पर जड़ा पिछड़ा वर्ग को वोटबैंक के रूप में प्रयोग करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो की सरकार बनने पर एक डिप्टी सीएम पिछड़ा वर्ग से होगा और इस वर्ग का राजनीतिक व सामाजिक विकास करवाया जाएगा। अभय चौटाला रविवार को सिरसा की अनाजमंडी में इनेलो के पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने अपने अपने शासन में पिछड़ा वर्ग के लोगों को केवल वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल किया है जिसका जीता जागता प्रमाण पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा पिछड़ा वर्ग के किसी व्यक्ति की बजाए अपने पुत्र को रा'यसभा का सदस्य बनाकर दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल व इनेलो सुप्रीमो ने सदैव इस वर्ग को राजनीतिक ताकत दी है।अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो ने सदैव इस वर्ग को पूरा सम्मान दिया है और इसके हित में योजनाएं बनाकर अमलीजामा पहनाया गया है। अभय चौटाला ने जेजेपी की ओर से प्रदेश के युवाओं के लिए निजी उद्योगों में 75 फीसदी आरक्षण के मुद्दे को भी पूरी तरह से विफल करार दिया। इनेलो नेता ने कहा कि वर्तमान समय में जहां युवा वर्ग रोजगार न मिलने के चलते निराश है वहीं व्यापारियों, महिलाओं व अन्य सभी वगोर्ं में भी गलत नीतियों के शिकार होने से मौजूदा सरकार के खिलाफ रोष व्यापत है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं को प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का आश्वासन देकर सत्ता में आई थी मगर सत्तासीन होने के बाद वह अपना वायदा पूरी तरह से भूल गई। आज हरियाणा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अपराध में पूरे देश में अव्वल है। उन्होंने कहा कि इनेलो की सत्ता आते ही प्रदेशभर में पीले कार्ड को बहाल किया जाएगा।



**सिरसा।** अनाज मंडी में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते अभय चौटाला।

# किसान फिर करेंगे दिल्ली कूच

■ किसान संगठनों का सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सरकार द्वारा की गई वायदाखिलाफी के विरोध में एक बार फिर देश का किसान दिल्ली की ओर 13 फरवरी को कूच करेगा। सुनील कुमार खारियां ने बताया कि इसी कड़ी में 15 जनवरी को सूरतगढ़िया बाजार स्थित गुरुद्वारा दसवीं पातशाही में टीम बीकेई की मीटिंग रखी गई है। वहीं रविवार को गांव खारियां के सरपंच तेग बहादुर पूनिया की अध्यक्षता में गांव खारियां में किसानों की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में खारियां के सभी किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित दिल्ली आंदोलन में जाने का निर्णय लिया। इसके अलावा एक और मीटिंग की जाएगी, जिसमें जिसमें गांव के सरपंच और पूर्व सरपंच, ब्लॉक समिति के सभी मेंबर और पैक्स के मेंबर, जिला परिषद के मेंबर और पंचायत के मेंबरों की मौजूदगी में एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर सुभाष पूनियां, सुभाष न्यौल, भीम न्यौल, सुनील नैन, कमल नैन, इंद्रपाल नैन, दलीप सहारण, राकेश भांभू, हरपाल पूनियां, मुखराम भादू, सुभाष बांदर, विनोद बांदर, महिंद पेंसियां सहित अन्य किसान उपस्थित थे।



**सिरसा।** गांव खारियां में बैठक करते हुए किसान। *फोटो : हरिभूमि*

### मकर संक्रांति पर क्लब ने श्रमिकों को गर्म कपड़े वितरित किए

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया सिटी ने अपने 36वें प्रोजेक्ट के अंतर्गत शिव कुमार गर्ग के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 101 मजदूरों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। क्लब के संरक्षक गोपालचंद ने बताया कि सर्दी के इस मौसम में इससे पहले 4 स्कूलों में छात्रों को जर्सी और जूते वितरण किए गए थे। क्लब के अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने बताया कि क्लब लगातार समाज सेवा के कार्य कर रहा है और जरूरतमंद लोगों की हर तरह से मदद कर रहा है इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय ग्रोवर, राधेश्याम मेहता, उपाध्यक्ष हरवीर जौड़ा, खेमचंद मोंगा, सुखचरण दास अरोड़ा, सतीश सरदाना आदि उपस्थित रहे।

# जिला अध्यक्ष निताशा ने संभाला पदभार

■ पूर्व जिला प्रधान व मार्किटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य चौटाला ने पदभार ग्रहण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त जिलाध्यक्षा निताशा सिहाग ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। पूर्व जिला प्रधान व मार्किटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य चौटाला ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। आदित्य चौटाला ने कहा कि पार्टी द्वारा जिस विश्वास के साथ उन्हें जिला प्रधान की जिम्मेदारी दी गई थी, उस विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरते हुए उन्होंने बड़ी शिद्दत व ईमानदारी से जिम्मेदारी को निभाया और पार्टी के कुनबे को लगातार आगे बढ़ाया। चौटाला ने कहा कि गठबंधन की सरकार में बड़ी विपतियां आई। खासकर कोरोना महामारी के दौरान बड़ी विकट परिस्थितियां थी। इन विकट परिस्थितियों में भी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता ने जो भी ड्यूटी उन्हें सौंपी गई, उसे निष्ठा से पूरा कर देशवासियों की सेवा की। कहीं भी उन्हें जिम्मेदारी मिली, उसे दिल से निभाया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद ही नहीं, पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी व दायित्व को और बेहतर तरीके से निभाएंगी और पार्टी को मजबूती देने का काम करेंगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने कहा कि नई नियुक्ति की बधाई उन सभी मेहनतकश कार्यकर्ताओं को है, जो सालों-साल से निरंतर कर्मठ व अनुशासित सिपाही की तरह से काम करते हुए मां भारती की उपासना में लीन हैं। एक बूथ की कार्यकर्ता को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का भरोसा जताने के लिए पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य, जिला महामंत्री अमन चोपड़ा, रामचंद्र कंबोज, पूर्व विधायक बलकौर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष यतेंद्र सिंह, सुरेश पंवार, जिला मीडिया प्रभारी कपिल सोनी एडवोकेट सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**सिरसा।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग पदभार ग्रहण करती।

### श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर प्रभात फेरियों का हुआ समापन

**रतिया।** श्री गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 20 दिसंबर से 14 जनवरी तक शहर में संगत के सहयोग व प्रभात फेरी सोसायटी की तरफ से प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। सोसायटी के सदस्य जयपाल सिंह ने बताया है कि यह प्रभात फेरियां गुरुद्वारा साहिब, पुराना बाजार से रवाना होकर शहर की अनेक गली-मोहल्लों में जाकर शब्द गायन व गुरमत विचार करके श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। आज समाप्ति समागम दौरान बाबा किशन सिंह ग्रंथी द्वारा क्षेत्र में सुख समृद्धि व पंथ खालसा की चढ़दी कला की अरदास की। ग्रंथी बाबा किशन सिंह का सम्मान भी किया गया। उन्होंने बताया कि खालसा पंथ के संस्थापक गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 358 वां प्रकाश उत्सव सिक्ख संगत द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

## चौटाला में क्रिकेट महाकुंभ में पहुंचे थे सांसद

# क्रिकेटर गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पिछले कई दिनों से जारी चौधरी देवीलाल ग्रामीण कोस्को बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। ग्रांड फिनाले की कड़ी में रविवार को गांव चौटाला के चौधरी साहबराम स्टेडियम में आयोजित करवाए गए मुकाबलों के दौरान मुख्यातिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर व दिल्ली के भाजपा सांसद गौतम गंभीर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने जेजेपी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला द्वारा ग्रामीण आंचल में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए करवाई गई इस खेल प्रतियोगिता की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता की सफलता का पैमाना इसी बात से लगाया जा सकता है कि देहाती आंचल की 208 टीमों ने इस प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन किया। गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों खासकर युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से करवाई गई इस प्रतियोगिता के संदेश को सभी के लिए प्रेरणादायक बताया। इससे पूर्व क्रिकेट मैदान पर पहुंचने पर जेजेपी नेता दिग्विजय सिंह चौटाला, श्रम रा'य मंत्री अनूप धानक, जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह के पौत्र सूर्य प्रकाश, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सर्वजीत मसीतां, नरेंदर बरा?, युवा जिलाध्यक्ष रणदीप मटदादू, जगसीर सिंह, गुरपाल गंगा, मंजीत सिंह , भीम सहारण, हर सिमरन बब्बू, मंदर सिहाग,विपिन मोंगा,अमरनाथ बाग?ी, संदीप बि?ासरा,संदीप मेहता सहित अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के व ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर खिलाड़ियों व ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए पंजाबी कलाकार दीप बलजीत, हरियाणवी कलाकार एमडी, हैप्पी रायकोटी, जी. खान व प्रांजल दहिया व अन्य मौजूद रहे।



**सिरसा।** गांव चौटाला के साहब राम स्टेडियम में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते सांसद व क्रिकेटर गौतम गंभीर।

### रोटरी क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान

**रतिया।** रोटरी क्लब रतिया टाउन द्वारा रविवार को शहर में यातायात नियमों की पालना करते हुए यातायात जागरूकता कैम्प लगाया गया। क्लब अध्यक्ष मेजर सिंह मंडेर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी थाना प्रभारी जय सिंह थे। विशेष अतिथि के रूप में भूपेन्द्र सिंह एनआरआर ने भाग लिया।

इस मौके पर क्लब द्वारा रोड एक्सीडेंट को रोकने के लिए अनेक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए और लोगों को रोड एक्सीडेंट से बचाव के बारे में जागरूक किया। सिटी थाना प्रभारी जय सिंह ने बताया कि लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और धुंध व कोहरे के समय में गाड़ी धीरे चलाए और इंडिकेटर का प्रयोग करे।